GOVT. COLLEGE KULLU

Dhalpur Kullu. (H.P.) 175101
E-mail: gckullu-hp@nic.in
Phone: 01902-222568

Self-Assessment Report (SAR) for Annual Internal Ranking (AIR) of Govt. Colleges of Himachal Pradesh for the Academic Session 2024-25

Criterion 5- Best Practices, Innovation and Institutional Distinctiveness

5.2 Special Initiatives taken for:
5.2.4 Plastic Free Campus
Campus is plastic free, as a ban on plastic is notified by the Government. Institution has taken many initiatives for a plastic free campus. In addition, the Institution does efforts on regular basis to make 'Plastic free Kullu city' through various activities conducted through different clubs and societies of the Institution. https://www.gckullu.ac.in/images/activities/eco-club/ban-on-plastic.pdf https://www.gckullu.ac.in/images/activities/ncc/NCC-2023-10-1.pdf

विद्यार्थियों ने संवारे ढालपुर के मैदान

संवाद न्यूज एजेंसी

कुल्लू। शहर में स्वास्थ्य विभाग और नगर परिषद ने स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। इसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या विद्यालय सुल्तानपुर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक छात्र विद्यालय कुल्लू के अलावा विभिन्न निजी स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रदर्शनी मैदान और मेला मैदान में साफ-सफाई की गई।

जागरूकता रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता बनाए रखने, पर्यावरण संरक्षण और बीमारियों से बचाव के लिए सजग रहने का संदेश दिया। स्वच्छ भारत लीग सीजन-दो के तहत कुल्लू में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

इसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम, नगर परिषद के अध्यक्ष और पार्षदों के अलावा विभिन्न स्कूलों के शिक्षक मौजूद रहे। मेला मैदान ढालपुर और प्रदर्शनी मैदान में रविवार सुबह 10 से 11 बजे तक साफ-सफाई की। मैदानों में फैले कूड़े-कचरे को साफ किया। एकत्रित

ढालपुर में सफाई अभियान में जुटे एनसीसी के कैडेट्स। -संवाद

कूड़े-कचरे को नगर परिषद कुल्लू के वाहनों में भरकर डंपिंग साइट पर पहुंचाया गया। नगर परिषद कुल्लू के कार्यकारी अधिकारी बीआर नेगी ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा के तहत रविवार को ढालपुर के मैदानों को संवारा गया। एक तारीख, एक घंटा, एक साथ नारा देकर सफाई अभियान चलाया गया। स्वास्थ्य विभाग की जन शिक्षा संप्रेषण अधिकारी निर्मला महंत ने कहा कि स्वच्छता को अपनाकर व्यक्ति स्वस्थ रह सकता है।

एनसीसी कैडेट्स ने संवारा शहर

कुल्लू। राजकीय महाविद्यालय कुल्लू के एनसीसी कैडेट्स ने शहर को संवारा। स्वच्छता ही सेवा के तहत कैडेट्स ने सफाई अभियान चलाया। रविवार सुबह कुल्लू शहर में जागरूकता रैली निकाली।

कैडेट्स ने लोगों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। साफ-सफाई के फायदों से अवगत करवाया। कैडेट्स ने मिनी सचिवालय सड़क, अस्पताल सड़क के अलावा ढालपुर चौक, कलाकेंद्र चौक, महाविद्यालय चौक और महाविद्यालय परिसर में सफाई की। एकत्रित कूड़े-कचरे का उचित निष्पादन किया।

एनसीसी के प्लाइंग अधिकारी निश्चल शर्मा और कैप्टन अजय कुमार ने कहा कि रविवार को जागरूकता रैली निकालकर साफ-सफाई की। संवाद

Kullu News: शहर को प्लास्टिक, पॉलिथीन मुक्त रखने का दिया संदेश

संवाद न्यूज एजेंसी, कुल्लू Updated Sat, 21 Oct 2023 11:32 PM IST

कुल्लू में प्लास्टिक की रोकथाम के लिए जागरूक रैली निकालते कैडेट्स।-संवाद

कुल्लू। जिला मुख्यालय को प्लास्टिक और पॉलिथीन मुक्त बनाए रखने का एनसीसी एयर एवं आर्मी विंग के कैडेट्स ने संदेश दिया। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुल्लू के एनसीसी कैडेट्स ने शहर में जागरूकता रैली निकाली। इसमें आर्मी और एयर विंग के 45 कैडेट्स ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

शहर को प्लास्टिक, पॉलिथीन मुक्त रखने का दिया संदेश

कुल्लू कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने शहरभर में निकाली जागरूकता रैली

कुल्लू। जिला मुख्यालय को प्लास्टिक और पॉलिथीन मुक्त बनाए रखने का एनसीसी एयर एवं आर्मी विंग के कैडेट्स ने संदेश दिया। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुल्लू के एनसीसी कैडेट्स ने शहर में जागरूकता रैली निकाली।

इसमें आर्मी और एयर विंग के 45 कैडेट्स ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। यह रैली महाविद्यालय परिसर से सर्कुलर सड़क, जिला पुस्तकालय, विकास खंड अधिकारी कार्यालय, ढालपुर चौक, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जिला न्यायालय, उपायुक्त कार्यालय, कुल्लू अस्पताल होते हुए वापस महाविद्यालय तक निकाली गई। इसमें कैडेट्स ने शहर वासियों, दुकानदारों और व्यापारियों से प्लास्टिक और पॉलिथीन का उपयोग न करने की अपील की। जागरूकता रैली का आयोजन एनसीसी की मासिक गतिविधियों के तहत किया गया। इसमें कैडेट्स ने पॉलिथीन और प्लास्टिक का प्रयोग न करने का संदेश दिया।

पौधरोपण के लिए लोगों को जागरूक किया। फ्लाइंग ऑफिसर निश्चल शर्मा और कैप्टन अजय कुमार ने कहा कि जागरूकता रैली निकाली है। इसमें लोगों से प्लास्टिक और पॉलिथीन का प्रयोग न करने की अपील की। [illegible]